प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 07.08.2025 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- देशभर में आज राष्ट्रीय हथकरघा दिवस मनाया जा रहा है–राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु नई दिल्ली में आयोजित समारोह में उत्कृष्ट बुनकरों को राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित करेंगी।

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली में एम.एस. स्वामीनाथन शताब्दी अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्‌घाटन करेंगे।

- प्रदेश में स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप ने फर्जी दिव्यांग प्रमाण–पत्र लगाकर सरकारी नौकरी पाने वालों का खुलासा किया– 24 लोक सेवक अयोग्य पाये गये।

- हर घर तिरंगा अभियान के तहत राज्यभर में कई गतिविधियां आयोजित।

0000

देशभर में आज राष्ट्रीय हथकरघा दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु नई दिल्ली में 11वें राष्ट्रीय हथकरघा दिवस समारोह की अध्यक्षता करेंगी। वस्त्र मंत्रालय के इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारत के जीवंत हथकरघा क्षेत्र और देश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था तथा सांस्कृतिक पहचान में इसके योगदान को सम्मानित करना है। देश भर से लगभग छह सौ पचास बुनकर, विदेशी खरीदार, प्रतिष्ठित व्यक्ति, निर्यातक और वरिष्ठ सरकारी अधिकारी इस समारोह में भाग लेंगे। वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह, वस्त्र राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा और वस्त्र मंत्रालय की सचिव नीलम शमी राव भी इस समारोह में शामिल होंगी। समारोह में इस क्षेत्र के विकास में उल्लेखनीय योगदान देने वाले उत्कृष्ट बुनकरों को संत कबीर हथकरघा पुरस्कार और राष्ट्रीय हथकरघा पुरस्कार प्रदान किए जाएँगे। राज्य में भी हथकरघा दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। पाली में लघु उद्योग भारती की ओर से संगोष्ठी रखी गई है। इसमें हथकरघा उद्योग के सामने आ रही समस्याओं, चुनौतियों और संभावनाओं पर चर्चा की जायेगी। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने हथकरघा दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि हथकरघा प्रदेश की समृद्ध परम्परा का प्रतीक है और सांस्कृतिक तथा औद्योगिक पहचान का अभिन्न अंग है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट पर अपने संदेश में सभी लोगों से इसे वैश्विक मंच पर पहुंचाने में योगदान देने की अपील की।

0000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद–आई.सी.ए.आर. पूसा में एम.एस. स्वामीनाथन शताब्दी अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्‌घाटन करेंगे। इस अवसर पर, श्री मोदी लोगों को संबोधित करेंगे और खाद्य तथा शांति के लिए पहला एम.एस. स्वामीनाथन पुरस्कार भी प्रदान करेंगे। सम्मेलन का विषय है– "सदाबहार क्रांति, जैव–खुशहाली का मार्ग"। ये विषय सभी के लिए भोजन सुनिश्चित करने की दिशा में प्रोफेसर एम.एस. स्वामीनाथन के आजीवन समर्पण को दर्शाता है। इससे पहले, प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि दुनिया भर के लोग डॉ. स्वामीनाथन की विद्वता और खाद्य सुरक्षा तथा कृषि अनुसंधान के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की सराहना करते हैं।

00000

आईसीएआर की ओर से प्राकृतिक खेती के लिए जोधपुर के कृषि विश्वविद्यालय के मॉडल को मंजूरी मिली है। विश्वविद्यालय किसानों के लिए प्राकृतिक खेती के मॉडल फार्म की स्थापना करेगा। हमारे संवाददाता ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर चल रहे राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के तहत ये मंजूरी मिली है।

.....

00000

माही बांध को जवाई बांध से जोड़ने वाली महत्वपूर्ण परियोजना की डीपीआर के लिए प्रशासनिक और तकनीकी स्वीकृति जारी कर दी गई है। 7 हजार करोड रूपये के इस प्रोजेक्ट की डीपीआर को लेकर कल जयपुर में पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के साथ बैठक की। बैठक

के बाद श्री कुमावत ने बताया कि इसकी घोषणा पिछले बजट में की गई थी। उन्होंने बताया कि इस प्रोजेक्ट के पूरा होने पर पाली, जालोर, सिरोही और बाड़मेर में पेयजल संबंधी समस्या का स्थायी समाधान हो जाएगा। इसके साथ ही 16 हजार हेक्टेयर क्षेत्र को सिंचाई सुविधा मिलेगी।

0000

प्रदेश में स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप ने फर्जी दिव्यांग प्रमाण–पत्र लगाकर सरकारी नौकरी पाने वालों का खुलासा किया है। एसओजी के पुलिस अधीक्षक ज्ञान चंद ने बताया कि फर्जी प्रमाण पत्र के जरिये शिक्षक, स्टेनोग्राफर, ग्रामीण विकास अधिकारी, एएनएम तथा कनिष्ठ सहायक सहित कई पदों पर सरकारी नौकरी पाने वाले 24 लोग जांच में आयोग्य पाये गये है। श्री यादव ने बताया कि विभिन्न स्त्रोतों से सूचना मिली थी कि कई लोगों ने दिव्यांग नहीं होते हुए भी फर्जी प्रमाण पत्र बनवाकर सरकारी नौकरी प्राप्त कर ली है। इस पर एसओजी की टीम ने दिव्यांग श्रेणी के लोकसेवकों का दोबारा मेडिकल करवाया, जिसके आधार पर 24 तथाकथित दिव्यांगों को मेडिकल बोर्ड ने इस कैटेगिरी के लिए अनफिट बताया है।

0000

वोकल फोर लोकल अभियान के तहत हनुमानगढ़ में 'आकांक्षा हाट' बाजार लगाया गया है। कल से शुरू हुआ यह हाट बाजार 12 अगस्त तक चलेगा। इसमें देशभर के 500 आकांक्षी ब्लॉकों से आए कारीगर, स्वयं सहायता समूह और किसान उत्पादक हिस्सा ले रहे हैं। जिला आयोजना अधिकारी विनोद गोदारा ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य स्थानीय उत्पादकों को मंच प्रदान कर उनके उत्पादों को पहचान और बाजार उपलब्ध कराना है।

.....

00000

हर घर तिरंगा अभियान के तहत प्रदेशभर में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसी कडी में आज जयपुर में भाजपा प्रदेश कार्यालय में "हर घर तिरंगा" अभियान और "विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस" के संदर्भ में प्रदेश स्तरीय कार्यशाला आयोजित की जाएगी। कार्यशाला में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सहित भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और अभियान संयोजक अशोक परनामी ने बताया कि भाजपा प्रदेशभर में 10 से 14 अगस्त तक "हर घर तिरंगा" अभियान के अंतर्गत मंडल स्तर पर तिरंगा यात्रा निकालेगी। इस बीच अन्य जिलों में भी तिरंगा अभियान के तहत हो रहे आयोजनों में हनुमानगढ़ नगर पालिका प्रशासन और महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय की ओर से कार्यक्रम रखा गया। इसमें विद्यार्थियों से अपने अपने घरों में तिरंगा फहराने का आग्रह किया गया है। इस अवसर पर भाषण और रंगोली प्रतियोगिताएं हुई और तिरंगा रैली निकाली गई। बारां में स्वच्छता के संग थीम पर आधारित कार्यक्रम में सार्वजनिक स्थानों पर तिरंगा रंगोली प्रतियोगिताएं रखी गई। जोधपुर में विद्यालयों और महाविद्यालयों में चित्रकला, भाषण और देशभक्ति गीत प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ।

00000

प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के तहत सलूंबर में पहली बार केज कल्चर फिश फार्मिंग की शुरुआत की जा रही है। हमारे संवाददाता ने बताया कि इस योजना के तहत डाया बांध में आधुनिक तकनीक से मछली पालन के लिए प्रोजेक्ट स्वीकृत किया गया है, जो इस क्षेत्र में मत्स्य पालन की दिशा में एक बड़ी पहल मानी जा रही है।

.....

00000